पीएम फसल बीमा योजना के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिये छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित

चर्चा में क्यों?

14 अप्रैल, 2023 को भारत सरकार के कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग द्वारा राजधानी रायपुर में आयोजित 9वीं राष्ट्रीय समीक्षात्मक कार्यशाला में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बेहतर एवं सफल क्रियान्वयन के लिये छत्तीसगढ़ को उत्कृष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

प्रमुख बिंदु

भारत सरकार के कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग द्वारा राजधानी रायपुर में आयोजित 9वीं राष्ट्रीय समीक्षात्मक कार्यशाला में भारत सरकार के सचिव मनोज आहूजा ने छत्तीसगढ़ के कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह को उत्कृष्ट पुरस्कार से सम्मानित करते हुए प्रशस्ति पत्र सौंपा।

राष्ट्रीय समीक्षात्मक कार्यशाला में जानकारी दी गई कि भारत सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल की स्वचलित गणना और निपटान के लिये डिजीक्लेम मॉड्यूल का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया गया है। साथ ही पोर्टल दर्ज करने और बीमा का लाभ किसानों तक पहुँचाने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की गई है।

छत्तीसगढ़ में इस योजना के तहत वर्ष 2022-23 में 6 लाख 77 हज़ार 558 पात्र किसानों को फसल बीमा का लाभ दिलाया गया है। किसानों को बीमा राशि के रूप में 192.41 करोड़ रुपए की राशि दी गई है।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा के क्रियान्वयन में छत्तीसगढ़ देश भर में अग्रणी राज्यों में शुमार है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chhattisgarh-gets-honored-at-national-level-for-excellent-implementation-of-pm-fasal-bima-yojana